**Series : FGHE2**

**SET ~ 2**

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **32/2/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| **नोट / NOTE** | # |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।<br>Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।<br>Please check that this question paper contains **37** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**<br>**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है — **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न है, जिसमें दो भाग हैं – **37 (क)** इतिहास (**2** अंक) और **37 (ख)** भूगोल (**3** अंक)। इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क
### (बहुविकल्पीय प्रश्न) *(20×1=20)*

**1.** स्वप्ना एक छोटी किसान है। स्वप्ना कपास की खेती करना चाहती है। किस प्रकार की भौगोलिक दशाएँ इसके लिए अनुकूल रहेंगी ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) लैटेराइट मृदा, मध्यम वर्षा, निम्न तापमान और खिली धूप

(B) काली मृदा, हल्की वर्षा, उच्च तापमान और खिली धूप

(C) लैटेराइट मृदा, हल्की वर्षा, उच्च तापमान और मध्यम धूप

(D) काली मृदा, अधिक वर्षा, निम्न तापमान और मध्यम धूप

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***37*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***six*** *sections —* ***Section A, B, C, D, E*** *and* ***F****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***20*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***34*** *to* ***36*** *are Case/Source-based questions with three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* ***Section F*** *– Question no.* ***37*** *is Map skill-based question with two parts –* ***37(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37(b)*** *from Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A
### (Multiple Choice Questions) *(20×1=20)*

**1.** Swapna is a small farmer. Swapna wants to cultivate cotton. What kind of geographical conditions will be suitable for this ? Choose the most appropriate option. *1*

(A) Laterite soil, Moderate rainfall, Low temperature and Bright sunshine

(B) Black soil, Light rainfall, High temperature and Bright sunshine

(C) Laterite soil, Light rainfall, High temperature and Moderate sunshine

(D) Black soil, High rainfall, Low temperature and Moderate sunshine

**2.** सरदार सरोवर बाँध द्वारा प्रमुख रूप से लाभान्वित राज्यों के सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

(A) राजस्थान, गुजरात, पंजाब तथा हरियाणा

(B) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा राजस्थान

(C) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना तथा आँध्र प्रदेश

(D) मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक तथा छत्तीसगढ़

**3.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I* *(नदी)* | | *स्तंभ II* *(बाँध)* |
|---|---|---|---|
| a. | चम्बल | i. | सलाल |
| b. | गंगा | ii. | भाखड़ा नांगल |
| c. | चेनाब | iii. | गाँधी सागर |
| d. | सतलुज | iv. | टिहरी |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

**4.** निम्नलिखित भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की विशेषताओं में से कौन-सी सही हैं ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। *1*

**विशेषताएँ :**

I. वन्य-जीवों के आवास के लिए प्रावधान करना।

II. रक्षित जातियों की सूची प्रकाशित करना।

III. संकटग्रस्त जातियों के बचाव के लिए शिकार पर प्रतिबंध लगाना।

IV. वन एवं वन्यजीव जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों को संघ सूची में शामिल करना।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल II, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, III और IV सही हैं।

**2.** Choose the correct option of the states that have been majorly benefitted by the Sardar Sarovar Dam. *1*

(A) Rajasthan, Gujarat, Punjab and Haryana

(B) Maharashtra, Madhya Pradesh, Gujarat and Rajasthan

(C) Maharashtra, Madhya Pradesh, Telangana and Andhra Pradesh

(D) Madhya Pradesh, Rajasthan, Karnataka and Chhattisgarh

**3.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(River)* | | *Column II* *(Dam)* |
|---|---|---|---|
| a. | Chambal | i. | Salal |
| b. | Ganga | ii. | Bhakra Nangal |
| c. | Chenab | iii. | Gandhi Sagar |
| d. | Satluj | iv. | Tehri |

**Options :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

**4.** Which of the following characteristics of the Indian Wild Life (Protection) Act are correct ? Choose the most appropriate option. *1*

**Characteristics :**

I. To make provisions for habitat for wild animals.

II. To publish list of protected species.

III. To ban hunting to save endangered species.

IV. To include important subjects like forests and wildlife in the Union List.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only II, III and IV are correct.

(D) Only I, III and IV are correct.

5. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : *1*

| | *राष्ट्रीय उद्यान/बाघ रिज़र्व* | | *राज्य* |
|---|---|---|---|
| (A) | कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | – | हिमाचल प्रदेश |
| (B) | बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान | – | राजस्थान |
| (C) | पेरियार बाघ रिज़र्व | – | तमिलनाडु |
| (D) | मानस बाघ रिज़र्व | – | असम |

6. कोरिया की *'जिक्जी'* की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

**विशेषताएँ :**

I. यह दुनिया की सबसे पुरानी मौजूदा मुद्रित पुस्तकों में से एक है।

II. इसमें ईसाई धर्म की मुख्य मान्यताओं का वर्णन है।

III. इसका दूसरा खंड फ्रांस की नेशनल लाइब्रेरी में उपलब्ध है।

IV. इसे 2001 में यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, II और IV सही हैं।

7. सोलहवीं सदी के मध्य में चेचक जैसी बीमारियाँ निम्नलिखित में से किसके द्वारा अमेरिका पहुँचीं ? *1*

(A) स्पेनिश सैनिक (B) फ़्रांसीसी व्यापारी

(C) पुर्तगाली नाविक (D) अंग्रेज़ पर्यटक

8. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. लाइप्त्सिग की लड़ाई में नेपोलियन की हार

II. यूनानी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष प्रारंभ

III. शुल्क संघ ज़ॉलवेराइन की स्थापना

IV. वियना संधि पर हस्ताक्षर

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV (B) I, II, IV, III

(C) II, I, III, IV (D) II, I, IV, III

9. 'आलू अकाल' का संबंध निम्नलिखित में से किस देश से था ? *1*

(A) इंग्लैंड (B) आयरलैंड

(C) फिनलैंड (D) स्कॉटलैंड

5. Choose the correctly matched pair from the following : *1*

| | *National Park / Tiger Reserve* | | *State* |
|---|---|---|---|
| (A) | Corbett National Park | – | Himachal Pradesh |
| (B) | Bandhavgarh National Park | – | Rajasthan |
| (C) | Periyar Tiger Reserve | – | Tamil Nadu |
| (D) | Manas Tiger Reserve | – | Assam |

6. Read the following characteristics of *'Jikji'* of Korea carefully and choose the correct option : *1*

**Characteristics :**

I. It is one of the oldest existing printed books in the world.

II It contains the main beliefs of Christianity.

III Its second volume is available in the National Library of France.

IV. It was inscribed on the UNESCO Memory of the World Register in 2001.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

7. In the mid-16$^{th}$ century, diseases like smallpox reached America through which of the following ? *1*

(A) Spanish soldiers (B) French merchants

(C) Portuguese sailors (D) British tourists

8. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Defeat of Napoleon in the battle of Leipzig

II. Beginning of struggle for Greek independence

III. Formation of customs union Zollverein

IV. Signing of Treaty of Vienna

**Options :**

(A) I, II, III, IV (B) I, II, IV, III

(C) II, I, III, IV (D) II, I, IV, III

9. 'Potato famine' was related to which of the following countries ? *1*

(A) England (B) Ireland

(C) Finland (D) Scotland

**10.** नीचे दो कथन I एवं II दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन I :* सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया।

*कथन II :* इसका उपयोग एक-दूसरे से संपर्क करने, सूचनाओं को तत्काल प्राप्त करने और दूरवर्ती क्षेत्रों से संवाद करने में किया जाता है।

**विकल्प :**

(A) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है।

(B) कथन I और II दोनों सही हैं, परन्तु कथन II, कथन I की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) कथन I सही है, परन्तु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परन्तु कथन II सही है।

**11.** भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए ऋण की आवश्यकता पूर्ति के लिए ऋण के निम्नलिखित स्रोतों को अधिक से कम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. सरकार

II. सहकारी बैंक और समितियाँ

III. साहूकार

IV. रिश्तेदार एवं मित्र

**विकल्प :**

(A) III, II, I, IV

(B) III, II, IV, I

(C) I, III, II, IV

(D) I, III, IV, II

**12.** राखी ने अपने क्षेत्र का आर्थिक सर्वे किया है। सर्वे से पता चला कि लोग अलग-अलग कार्य करके अपनी आजीविका चलाते हैं। इसके लिए राखी ने जो तालिका बनाई उसको नीचे दिया गया है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

| *क्र. सं.* | *कार्य* | *लोगों की संख्या* |
|---|---|---|
| 1. | अपने खेत में कार्य करने वाले कृषक | 250 |
| 2. | विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक | 10 |
| 3. | अपने घर में काम करने वाले बुनकर | 70 |
| 4. | बड़े कारखानों में कार्य करने वाले श्रमिक | 140 |
| 5. | क्षेत्र के एक अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी | 60 |
| कुल | | 530 |

संगठित क्षेत्रक में कितने लोग कार्यरत हैं ? *1*

(A) 380 (B) 140 (C) 320 (D) 210

**10.** Two statements I and II are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Statement I :* Information and communication technology stimulate the process of globalisation.

*Statement II :* It is used to contact each other, receive information instantly and communicate with remote areas.

**Options :**

(A) Both statements I and II are correct and statement II is the correct explanation of statement I.

(B) Both statements I and II are correct, but statement II is ***not*** the correct explanation of statement I.

(C) Statement I is correct, but statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but statement II is correct.

**11.** Arrange the following sources of credit in the most to least order to meet the credit requirement of rural households in India and choose the correct option : *1*

I. Government

II. Cooperative Banks and Societies

III. Moneylenders

IV. Relatives and friends

**Options :**

(A) III, II, I, IV

(B) III, II, IV, I

(C) I, III, II, IV

(D) I, III, IV, II

**12.** Rakhi has done an economic survey of her area. The survey has revealed that people earn their livelihood by doing different jobs. The table prepared by Rakhi for this is given below. Study the table carefully and answer the question that follows :

| *S. No.* | *Work* | *No. of People* |
|---|---|---|
| 1. | Farmer working in his fields | 250 |
| 2. | Teachers teaching in school | 10 |
| 3. | Handloom weaver working in his/her house | 70 |
| 4. | Workers working in big factories | 140 |
| 5. | Employees working at a hospital in the area | 60 |
| Total | | 530 |

How many people are working in the organised sector ? *1*

(A) 380 (B) 140 (C) 320 (D) 210

**13.** दिए गए चित्र को देखिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :



चित्र में किया जाने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*

(A) प्राथमिक (B) चतुर्थक

(C) तृतीयक (D) द्वितीयक

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **13** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*

(A) टोकरी बुनना (B) पशुपालन

(C) दूध बेचना (D) गुड़ बनाना

**14.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

किसी देश के अंदर किसी वर्ष विशेष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य __________ कहलाता है। *1*

(A) प्रति व्यक्ति आय

(B) प्रति व्यक्ति उत्पादन

(C) सकल राष्ट्रीय आय

(D) सकल घरेलू उत्पादन

**13.** Look at the given picture and answer the question that follows :



The work being done in the picture falls under which sector of the economy ? *1*

(A) Primary (B) Quaternary

(C) Tertiary (D) Secondary

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q.N.* ***13****.*

Which of the following activities comes under the tertiary sector of the economy ? *1*

(A) Basket weaving (B) Animal husbandry

(C) Milk vending (D) Gur making

**14.** Choose the correct option to fill in the blank : *1*

The total value of all final goods and services produced within a country in a particular year is called __________.

(A) Per Capita Income

(B) Per Capita Production

(C) Gross National Income

(D) Gross Domestic Production

**15.** 'विश्व मानव विकास सूचकांक' से संबंधित निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए : *1*

| *क्र. सं.* | *देश* | *विश्व में मानव विकास सूचकांक का क्रमांक* |
|---|---|---|
| 1. | भारत | 130 |
| 2. | म्याँमार | 148 |
| 3. | नेपाल | 149 |
| 4. | पाकिस्तान | 150 |

निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'मानव विकास सूचकांक' में निम्न स्थान रखता है ?

(A) भारत

(B) म्याँमार

(C) नेपाल

(D) पाकिस्तान

**16.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : *1*

| | *राजनीतिक दल* | | *राज्य* |
|---|---|---|---|
| (A) | जनता दल (सेक्युलर) | – | बिहार |
| (B) | महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी | – | गोवा |
| (C) | द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | – | आँध्र प्रदेश |
| (D) | ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक | – | पंजाब |

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश आंतरिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा करने का एक उदाहरण है ? *1*

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) बेल्जियम

(D) स्विट्ज़रलैंड

**15.** Study the following table related to 'World Human Development Index' and answer the question that follow : *1*

| *S. No.* | *Country* | *HDI Rank in the World* |
|---|---|---|
| 1. | India | 130 |
| 2. | Myanmar | 148 |
| 3. | Nepal | 149 |
| 4. | Pakistan | 150 |

Which one of the following countries has the lowest rank in 'Human Development Index' ?

(A) India

(B) Myanmar

(C) Nepal

(D) Pakistan

**16.** Choose the correctly matched pair from the following : *1*

| | *Political Party* | | *State* |
|---|---|---|---|
| (A) | Janata Dal (Secular) | – | Bihar |
| (B) | Maharashtrawadi Gomantak Party | – | Goa |
| (C) | Dravida Munnetra Kazhagam | – | Andhra Pradesh |
| (D) | All India Forward Bloc | – | Punjab |

**17.** Which of the following countries is an example of sharing of power between the national and state governments to account for internal diversity ? *1*

(A) United States of America

(B) Australia

(C) Belgium

(D) Switzerland

**18.** निम्नलिखित में से किस संगठन का मुख्यालय ब्रूसेल्स में है ? *1*

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ

(B) यूरोपीय संघ

(C) गुट-निरपेक्ष आंदोलन

(D) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन

**19.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I (तापीय ऊर्जा संयंत्र)* | | *स्तंभ II (राज्य)* |
|---|---|---|---|
| a. | तलचर | i. | तेलंगाना |
| b. | रामागुंडम | ii. | ओडिशा |
| c. | भुसावल | iii. | आँध्र प्रदेश |
| d. | विजयवाड़ा | iv. | महाराष्ट्र |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

**20.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* भारत में सौर ऊर्जा के उत्पादन की असीम संभावनाएँ हैं।

*कारण (R) :* भारत का अधिकांश भू-भाग शीत कटिबंध के अंतर्गत आता है।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

**18.** Which one of the following organisations has its headquarter in Brussels ? *1*

(A) United Nations Organisation

(B) European Union

(C) Non-Alignment Movement

(D) South Asian Association for Regional Co-operation

**19 .** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(Thermal Power Plant)* | | *Column II* *(State)* |
|---|---|---|---|
| a. | Talcher | i. | Telangana |
| b. | Ramagundam | ii. | Odisha |
| c. | Bhusawal | iii. | Andhra Pradesh |
| d. | Vijayawada | iv. | Maharashtra |

**Options :**

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

**20.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option : *1*

*Assertion (A) :* India has enormous possibilities of production of solar energy.

*Reason (R) :* Most of the land area of India falls under the cold zone.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

## खण्ड ख

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×2=8)*

**21.** "देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *2*

**22.** संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

**23.** "भारत का संविधान सभी नागरिकों को किसी भी धर्म का पालन करने की आज़ादी देता है।" दो तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। *2*

**24.** (क) भारत में उन्नीसवीं सदी के अंत तक आते-आते इतिहास की पुनर्व्याख्या किस प्रकार राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का साधन बन गई ? व्याख्या कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में चिह्नों और प्रतीकों ने किस प्रकार लोगों में राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने में योगदान दिया ? व्याख्या कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(5×3=15)*

**25.** 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *3*

**26.** (क) राजनीतिक दलों के तीन प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष तीन प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए। *3*

**27.** भारतीय संविधान में दिए गए सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण की व्याख्या कीजिए। *3*

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

**21.** "Globalisation is the process of rapid integration and interconnection between countries." Explain the statement with examples. *2*

**22.** Explain the role of planning for judicious use of resources. *2*

**23.** "The Constitution of India provides to all citizens the freedom to profess any religion." Support the statement by giving two arguments. *2*

**24.** (a) How did reinterpretation of history become a means of creating a sense of nationalism by the end of the $19^{th}$ century in India ? Explain. *2*

**OR**

(b) How did symbols and icons contribute to create a feeling of nationalism among the people in the national movement of India ? Explain. *2*

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** Analyse the role of women in the 'Civil Disobedience Movement'. *3*

**26.** (a) Describe three main functions of political parties. *3*

**OR**

(b) Describe three major challenges faced by the political parties in India. *3*

**27.** Explain the vertical distribution of power given in the Indian Constitution. *3*

**28.** रिंझा की कहानी को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**रिंझा की कहानी**

रिंझा असम में डिफु के बाहरी क्षेत्र में अपने परिवार के साथ एक गाँव में रहती है। वह अपने परिवार के सदस्यों द्वारा एक भूमि के टुकड़े पर उगी वनस्पति को काटकर व जलाकर साफ करते देखकर आनन्द का अनुभव करती है। वह प्राय: परिवार के सदस्यों के साथ बाँस के नाले द्वारा झरने से पानी लाकर अपने खेत को सिंचित करने में सहायता करती है। वह अपने परिवेश से लगाव रखती है और जब तक संभव हो यहाँ रहना चाहती है, परन्तु इस छोटी बच्ची को अपने खेत में मिट्टी की घटती उर्वरता के बारे में कुछ भी पता नहीं है जिसके कारण उसके परिवार को अगले वर्ष नए भूमि के टुकड़े की तलाश करनी होगी।

रिंझा को कोई तीन उपाय सुझाइए, जिससे उसके खेत की मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहे। *3*

**29.** भारत में रोज़गार सृजन में प्राथमिक क्षेत्रक की भूमिका की व्याख्या कीजिए। *3*

**खण्ड घ**

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×5=20)*

**30.** (क) बाल्कन क्षेत्र का तनाव किस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध का कारण बन गया था ? व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'ब्रितानी राष्ट्र' का निर्माण किस प्रकार किया गया ? व्याख्या कीजिए। *5*

**31.** (क) भारतीय अर्थव्यवस्था में विनिर्माण उद्योग के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) कृषि और उद्योग के बीच अंतर्संबंध की व्याख्या कीजिए। *5*

**32.** (क) देश के विकास का आकलन करने में आय किस प्रकार एक महत्त्वपूर्ण कारक है ? विश्व बैंक द्वारा किए गए वर्गीकरण का उल्लेख कीजिए। *2+3=5*

**अथवा**

(ख) भारत के कई भागों में भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग ने किस प्रकार गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है ? धारणीय विकास के संदर्भ में उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *2+3=5*

**33.** (क) लोकतंत्र किस प्रकार अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है ? विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) असमानता और ग़रीबी को कम करने में लोकतंत्र की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *5*

**28.** Read the story of Rinjha and answer the question that follows :

**Story of Rinjha**

Rinjha lived with her family in a small village at the outskirts of Diphu in Assam. She enjoys watching her family members clearing, slashing and burning a patch of land for cultivation. She often helps them in irrigating the fields with water running through a bamboo canal from the nearby spring. She loves the surroundings and wants to stay here as long as she can, but this little girl has no idea about the declining fertility of the soil and her family's search for a fresh patch of land in the next season.

Suggest any three measures to Rinjha so that the fertility of the soil of her fields remains intact for a long time. *3*

**29.** Explain the role of primary sector in employment generation in India. *3*

## SECTION D

### (Long Answer Type Questions) *(4×5=20)*

**30.** (a) How did tension in the Balkan region lead to the First World War ? Explain. *5*

**OR**

(b) How was the 'British Nation' created ? Explain. *5*

**31.** (a) Explain the importance of manufacturing industry in the Indian economy. *5*

**OR**

(b) Explain the inter-relationship between agriculture and industry. *5*

**32.** (a) How is income an important factor in assessing the development of a country ? Mention the classification done by the World Bank. *2+3=5*

**OR**

(b) How has the overuse of underground water created a serious crisis in many parts of India ? Explain with examples in the context of sustainable development. *2+3=5*

**33.** (a) How is democracy better than other types of government ? Analyse. *5*

**OR**

(b) Analyse the role of democracy in reducing inequality and poverty. *5*

## खण्ड ङ

**(केस/स्रोत-आधारित प्रश्न)** *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**अरुण की कहानी**

अरुण एक किसान मज़दूर के काम का निरीक्षण करता है। अरुण के पास 7 एकड़ ज़मीन है। अरुण सोनपुर के उन कुछ लोगों में से है, जिसे खेती के लिए बैंक से ऋण मिला है। इस ऋण पर वार्षिक ब्याज दर 8·5 प्रतिशत है और इसे अगले तीन वर्षों में कभी भी लौटाया जा सकता है। अरुण की योजना है कि वे फसल तैयार होने पर अपनी उपज का कुछ हिस्सा बेचकर इस ऋण की अदाएगी कर देगा। वह बाकी आलू की फसल को शीत भंडार गृह में रखकर बैंक से इसके बदले नया ऋण लेने के लिए आवेदन देना चाहता है। बैंक उन किसानों को ऐसी सुविधा देने के लिए तैयार है जो पहले ही खेती के लिए उससे ऋण ले चुके हैं।

(34.1) अरुण का ऋण किस स्रोत के अंतर्गत आता है ? *1*

(34.2) बैंक से ऋण लेने की एक प्रमुख शर्त का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.3) अरुण का ऋण किस प्रकार लाभकारी है ? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। *2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**मुद्रण संस्कृति और फ्रांसीसी क्रांति**

कई इतिहासकारों का मानना है कि मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रांति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा कीं।

इस संबंध में मूलत: कुछ तर्क देखने लायक हैं।

पहला : छपाई के चलते ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का प्रसार हुआ। उनके लेखन ने कुल मिलाकर परंपरा, अंधविश्वास और निरंकुशवाद की आलोचना पेश की। उन्होंने रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया, और माँग की कि हर चीज़ को तर्क और विवेक की कसौटी पर ही कसा जाए। उन्होंने चर्च की धार्मिक और राज्य की निरंकुश सत्ता पर प्रहार करके परंपरा पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को दुर्बल कर दिया। वॉल्तेयर और रूसो के लेखन का व्यापक पाठक-वर्ग था, और उनके पाठक एक नए, आलोचनात्मक, सवालिया और तार्किक नज़रिये से दुनिया देखने लगे थे।

## SECTION E

**(Case/Source-Based Questions)** *(3×4=12)*

**34.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Arun's Story**

Arun supervises the work of one farm labourer. Arun has seven acres of land. He is one of the few persons in Sonpur to receive bank loan for cultivation. The interest rate on the loan is 8·5 per cent per annum, and can be repaid anytime in the next three years. Arun plans to repay the loan after harvest by selling a part of the crop. He then intends to store the rest of the potatoes in a cold storage and apply for a fresh loan from the bank against the cold storage receipt. The bank offers this facility to farmers who have taken crop loan from them.

(34.1) Under which source does Arun's loan come ? *1*

(34.2) Mention one important term of credit for taking a loan from the bank. *1*

(34.3) How is Arun's loan beneficial ? Explain any two reasons. *2*

**35.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Print Culture and the French Revolution**

Many historians have argued that print culture created the conditions within which French Revolution occurred.

Some arguments have been usually put forward in this context.

First : print popularised the ideas of the Enlightenment thinkers. Collectively, their writings provided a critical commentary on tradition, superstition and despotism. They argued for the rule of reason rather than custom, and demanded that everything be judged through the application of reason and rationality. They attacked the sacred authority of the Church and the despotic power of the state, thus eroding the legitimacy of a social order based on tradition. The writings of Voltaire and Rousseau were read widely; and those who read these books saw the world through new eyes, eyes that were questioning, critical and rational.

दूसरा : छपाई ने वाद-विवाद-संवाद की नयी संस्कृति को जन्म दिया। सारे पुराने मूल्य, संस्थाओं और मानदंडों पर आम जनता के बीच विचार-विमर्श हुआ और उनके पुनर्मूल्यांकन का सिलसिला शुरू हुआ। तर्क की ताक़त से परिचित यह नयी 'पब्लिक' धर्म और आस्था को प्रश्नांकित करने का मोल समझ चुकी थी। इस तरह बनी 'सार्वजनिक दुनिया' से सामाजिक क्रांति के नए विचारों का सूत्रपात हुआ।

(35.1) ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा ? *1*

(35.2) फ्रांस में मुद्रण संस्कृति ने धर्म को किस प्रकार प्रभावित किया ? *1*

(35.3) मुद्रण संस्कृति ने फ्रांस में किस प्रकार सामाजिक क्रांति में योगदान दिया ? *2*

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**भारत में विकेंद्रीकरण**

विकेंद्रीकरण की ज़रूरत हमारे संविधान में भी स्वीकार की गई। इसके बाद से गाँव और शहर के स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण की कई कोशिशें हुई हैं। सभी राज्यों में गाँव के स्तर पर ग्राम पंचायतों और शहरों में नगरपालिकाओं की स्थापना की गई थी। पर इन्हें राज्य सरकारों के सीधे नियंत्रण में रखा गया था। इन स्थानीय सरकारों के लिए नियमित ढंग से चुनाव भी नहीं कराए जाते थे। इनके पास न तो अपना कोई अधिकार था न संसाधन। इस प्रकार प्रभावी ढंग से सत्ता का विकेंद्रीकरण नाम मात्र का हुआ था।

वास्तविक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम 1992 में उठाया गया। संविधान में संशोधन करके लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के इस तीसरे स्तर को ज़्यादा शक्तिशाली और प्रभावी बनाया गया।

(36.1) भारतीय संविधान में सत्ता का विकेंद्रीकरण कितने स्तरों पर किया गया है ? *1*

(36.2) समस्याओं के समाधान में स्थानीय स्व-शासन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *1*

(36.3) "स्थानीय सरकारों की स्थापना स्व-शासन के लोकतांत्रिक सिद्धांत को वास्तविक बनाने का सबसे अच्छा तरीका है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *2*

Second : print created a new culture of dialogue and debate. All values, norms and institutions were re-evaluated and discussed by a public that had become aware of the power of reason, and recognised the need to question existing ideas and beliefs. Within this public culture, new ideas of social revolution came into being.

(35.1) What impact did the ideas of Enlightenment thinkers have on society ? *1*

(35.2) How did print culture affect religion in France ? *1*

(35.3) How did print culture contribute to the social revolution in France ? *2*

**36.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Decentralisation in India**

The need for decentralisation was recognised in our Constitution. Since then, there have been several attempts to decentralise power to the level of villages and towns. Panchayats in villages and municipalities in urban areas were set up in all the States. But these were directly under the control of state governments. Elections to these local governments were not held regularly. Local governments did not have any powers or resources of their own. Thus, there was very little decentralisation in effective terms.

A major step towards decentralisation was taken in 1992. The Constitution was amended to make the third-tier of democracy more powerful and effective.

(36.1) At how many levels has decentralisation of power been done in the Indian Constitution ? *1*

(36.2) Explain the role of local self-government in solving problems. *1*

(36.3) "Local government is the best way to realise one important principle of democracy, namely local self-government." Explain the statement. *2*

## खण्ड च

### (मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**37.** (क) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर), में दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

B. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटित हुई थी।

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***37 (क)*** *के स्थान पर हैं।*

(क) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसम्बर 1927 में, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटित हुई थी। *2×1=2*

(ख) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पूर्वी टर्मिनल स्टेशन

(ii) कॉफ़ी उत्पादन में अग्रणी राज्य

(iii) उत्तर प्रदेश में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(iv) ओडिशा में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***37 (ख)*** *के स्थान पर हैं।*

(ख) किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *3×1=3*

(i) पूर्व-पश्चिम गलियारे के पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

(ii) कॉफ़ी उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है।

(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

## SECTION F

**(Map Skill-Based Questions)** *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *2×1=2*

A. The place where the session of Indian National Congress was held in December 1927.

B. The place where Jallianwala Bagh incident took place.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (a)****.*

(a) (i) Name the place where the session of Indian National Congress was held in December 1927.

(ii) Name the place where Jallianwala Bagh incident took place. *2×1=2*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Eastern terminal station of the East-West Corridor

(ii) Leading state in coffee production

(iii) Nuclear power plant located in Uttar Pradesh

(iv) Major sea port located in Odisha

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (b)****.*

(b) Attempt any ***three*** questions. *3×1=3*

(i) Name the eastern terminal station of the East-West Corridor.

(ii) Name the leading state in coffee production.

(iii) Name the place where nuclear power plant is located in Uttar Pradesh.

(iv) Name the place where a major sea port is located in Odisha.

प्रश्न सं. 37 के लिए

**For question no. 37**

